**उत्तर प्रदेश सरकार**
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**
**19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,**
**लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001**

**सूचना / विज्ञप्ति**

**उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 का**
**अन्तिम चयन परिणाम**

**संख्या–पीआरपीबी–बी(उप निरीक्षक संवर्ग)–03 / 2025** **दिनांकः जुलाई 14 ,2026**

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 के सम्बन्ध में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा सूचना / विज्ञप्ति संख्याःपीआरपीबी–बी(उप निरीक्षक संवर्ग)–03 / 2025, दिनांक 12.08.2025 प्रकाशित करते हुए उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के 4242, प्लाटून कमाण्डर, पीएसी / उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस के 135, प्लाटून कमाण्डर / उप निरीक्षक, विशेष सुरक्षा बल के 60 तथा महिला बटालियन हेतु महिला उप निरीक्षक ना0पु0(पीसी) के 106 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे।

2. इस भर्ती की विज्ञप्ति दिनांकित 12.08.2025 के अनुक्रम में कुल 15,75,760 ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुए। भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रदेश के 75 जनपदों में लिखित परीक्षा दिनांक 14 तथा 15 मार्च, 2026 को कुल 04 पालियों में आयोजित की गयी।

3. उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा 04 पालियों में आयोजित किये जाने के कारण संगत सेवा नियमावली के प्रावधानों व विज्ञप्ति दिनांकित 12.08.2025 में उल्लिखित प्रक्रिया के क्रम में प्राप्तांकों का प्रसामान्यीकरण (Normalization) करते हुये अंकों की श्रेष्ठता एवं उ0प्र0राज्य के आरक्षण के सुसंगत प्रावधानों के आधार पर श्रेष्ठता सूची तैयार कर सूचना / विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–बी(उप निरीक्षक संवर्ग)–03 / 2025, दिनांक 07.05.2026 द्वारा श्रेणीवार विज्ञापित पदों के लगभग 2.7 गुना, कुल 12333 अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु दिनांक 15.06. 2026 से 17.06.2026 तक आहूत करते हुए अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

4. अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों को बोर्ड की सूचना / विज्ञप्ति दिनांकित 12.08.2025 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार अर्हकारी प्रकृति की शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 29.06.2026 से 04.07.2026 तक सम्पन्न करायी गयी।

5. उक्त लिखित परीक्षा, अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा में कुल प्राप्त प्रसामान्यीकृत अंकों (Normalised Score) के श्रेष्ठताक्रम ( Merit ) व आवेदन पत्र में दी गयी वरीयता क्रम (order of Preference) के आधार पर उ0प्र0शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आरक्षण नीति के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर प्रदर्शित की जा रही है।

6. उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली–2015 यथासंशोधित अष्ठम संशोधन तक), उत्तर प्रदेश प्रादेशिक आर्म्ड कान्स्टेबुलरी अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली, 2015 (यथासंशोधित प्रथम संशोधन तक) एवं उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल नियमावली, 2021 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार दो या अधिक अभ्यर्थियों द्वारा समान अंक प्राप्त करने की स्थिति में उनकी श्रेष्ठता का विनिश्चय टाई ब्रेक के नियमों के अन्तर्गत अधिमानी अर्हता, अधिक आयु व नाम के प्रथम (अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार) अक्षर के क्रम में किया गया है।

7. उप निरीक्षक नागरिक पुलिस (पुरूष/महिला अभ्यर्थियों के लिए) के 4242 पदों के सापेक्ष अन्तिम चयनित अभ्यर्थी के कट ऑफ मार्क्स निम्नवत हैः–

| क0 सं0 | श्रेणी | पदों की संख्या | चयनित अभ्यर्थियों की संख्या | लम्बवत आरक्षण की कट ऑफ | क्षैतिज आरक्षण की कट ऑफ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित श्रेणी की कट ऑफ | भूतपूर्व सैनिक की कट ऑफ | महिला श्रेणी के अभ्यर्थियों की कट ऑफ |
| 1 | अनारक्षित | 1705 | 1705 | 373.93936 | 327.44472 | 319.11851 | 367.53698 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 422 | 422 | 369.30522 | 303.90862 | 211.83810 | 361.75236 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 1143 | 1143 | 369.29336 | 308.67742 | 303.22459 | 362.32066 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 890 | 890 | 356.32128 | 200.94065 | 202.44359 | 349.51035 |
| 5 | अनुसूचित जन जाति | 82 | 82 | 341.80217 | 310.69809 | 217.40750 | 319.88424 |
| | योग | **4242** | **4242** | | | | |

8. प्लाटून कमाण्डर, पीएसी/उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस (केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिए) के 135 पदों के सापेक्ष अन्तिम चयनित अभ्यर्थी के कट ऑफ मार्क्स निम्नवत हैः–

| क0 सं0 | श्रेणी | पदों की संख्या | चयनित अभ्यर्थियों की संख्या | लम्बवत आरक्षण की कट ऑफ | क्षैतिज आरक्षण की कट ऑफ | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित श्रेणी की कट ऑफ | भूतपूर्व सैनिक की कट ऑफ |
| 1 | अनारक्षित | 56 | 56 | 373.02683 | 324.99242 | 317.73809 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 13 | 13 | 369.23023 | | |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 36 | 36 | 369.38883 | 308.40974 | 308.05467 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 28 | 28 | 356.21353 | | |
| 5 | अनुसूचित जन जाति | 2 | 2 | 343.73372 | | |
| | योग | **135** | **135** | | | |

9. प्लाटून कमाण्डर/उप निरीक्षक, विशेष सुरक्षा बल (केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिए) के 60 पदों के सापेक्ष अन्तिम चयनित अभ्यर्थी के कट ऑफ मार्क्स निम्नवत हैः–

| क0 सं0 | श्रेणी | पदों की संख्या | चयनित अभ्यर्थियों की संख्या | लम्बवत आरक्षण की कट ऑफ | क्षैतिज आरक्षण की कट ऑफ | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित श्रेणी की कट ऑफ | भूतपूर्व सैनिक की कट ऑफ |
| 1 | अनारक्षित | 25 | 25 | 380.05196 | 327.23904 | 318.96257 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 6 | 6 | 374.93551 | | |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 16 | 16 | 376.81465 | | 318.49045 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 12 | 12 | 364.17402 | | 239.16369 |
| 5 | अनुसूचित जन जाति | 1 | 1 | 364.87839 | | |
| | योग | **60** | **60** | | | |

10. महिला बटालियन हेतु महिला उप निरीक्षक ना0पु0(पीसी) (केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए) के 106 पदों के सापेक्ष अन्तिम चयनित अभ्यर्थी के कट ऑफ मार्क्स निम्नवत हैः–

| क0 सं0 | श्रेणी | पदों की संख्या | चयनित अभ्यर्थियों की संख्या | लम्बवत आरक्षण की कट ऑफ | क्षैतिज आरक्षण की कट ऑफ | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित श्रेणी की कट ऑफ | भूतपूर्व सैनिक की कट ऑफ |
| 1 | अनारक्षित | 47 | 47 | 366.46684 | 334.44036 | |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 10 | 10 | 361.51443 | | |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 27 | 27 | 362.06224 | 307.97530 | |
| 4 | अनुसूचित जाति | 21 | 21 | 348.52696 | | |
| 5 | अनुसूचित जन जाति | 1 | 1 | 319.00875 | | |
| | योग | **106** | **106** | | | |

11. उपरोक्त चयन परिणाम निम्नांकित सूचियों के अनुसार बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जा रहा है:—

सूची::—

क. उप निरीक्षक नागरिक पुलिस ( 4242 पद)

सूची—1 उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पदों पर कुल चयनित 4242 अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—2 अनारक्षित श्रेणी के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—3 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—4 अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—5 अनुसूचित जाति के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—6 अनुसूचित जन जाति के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची। (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

ख. प्लाटून कमाण्डर, पीएसी/उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस ( 135 पद)

सूची—1 प्लाटून कमाण्डर, पीएसी/उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पदों पर कुल चयनित 135 अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—2 अनारक्षित श्रेणी के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—3 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—4 अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—5 अनुसूचित जाति के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—6 अनुसूचित जन जाति के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची। (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

ग. प्लाटून कमाण्डर/उप निरीक्षक, विशेष सुरक्षा बल ( 60 पद)

सूची—1 प्लाटून कमाण्डर/उप निरीक्षक, विशेष सुरक्षा बल के पदों पर कुल चयनित 60 अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—2 अनारक्षित श्रेणी के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची। (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—3 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—4 अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—5 अनुसूचित जाति के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

सूची—6 अनुसूचित जन जाति के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची। (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में)

घ. महिला बटालियन हेतु महिला उप निरीक्षक ना0पु0(पीसी) (106 पद )

| | |
|---|---|
| सूची–1 | महिला बटालियन हेतु महिला उप निरीक्षक ना0पु0(पीसी) के पदों पर कुल चयनित 106 अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में) |
| सूची–2 | अनारक्षित श्रेणी के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में) |
| सूची–3 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में) |
| सूची–4 | अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में) |
| सूची–5 | अनुसूचित जाति के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची।(प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में) |
| सूची–6 | अनुसूचित जन जाति के अन्तर्गत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची। (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के कम में) |

12. यह चयन परिणाम बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर प्रदर्शित किया जा रहा है। अभ्यर्थीगण अपना रिजल्ट, रजिस्ट्रेशन नम्बर व जन्म तिथि अंकित (Submit) कर देख सकते है।

13. यह चयन परिणाम नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा कराये जाने वाले अभ्यर्थी के चिकित्सीय परीक्षण और उसके शैक्षिक योग्यता, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों व चरित्र सत्यापन में उपयुक्तता के अधीन होगा।

14. चयन परिणाम के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को सूच्य है कि यद्यपि इसे तैयार करने एवं वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

15. लिखित परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उनके प्रसामान्यीकृत अंक (Normalised Score), बोर्ड की वेबसाइट पर दिनांक 22.07.2026 से प्रदान किए जाने वाले लिंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा । उक्त प्रसामान्यीकृत अंक देखने हेतु अभ्यर्थी द्वारा अपनाई जाने वाली प्रकिया के सम्बन्ध में अलग से विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी।

16. इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही सूचनाओं के सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

**संलग्नक:सूची।**

(सत्यार्थ अनिरूद्ध पंकज)
पुलिस उप महानिरीक्षक/अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।